प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

संगोष्ठी

भाजपा द्वारा आयोजित बजट संगोष्ठी कार्यक्रम में इन दिनों देश के हर जिले में इस तरह की गोष्ठियों के माध्यम से आमजनमानस को केंद्रीय बजट की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में आज शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में प्रबुद्धजन गोष्ठी का आयोजन होगा जिसमें केंद्रीय रेलवे राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू विशेषतौर पर मौजूद रहेंगे। भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री इस दौरान केंद्रीय बजट की खुबियों व इससे आमजन को होने वाले फायदे के बारे में व्याख्यान देंगे।

पीएम–परीक्षा पे चर्चा

आज परीक्षा पे चर्चा 2025 का नया संस्करण जारी किया जाएगा। इस संस्करण में, स्कूली छात्रो ंमें परीक्षा के तनाव, चिंता को दूर करने और दबाव में शांत रहने के बारे में विभिन्न बोर्ड और परीक्षाओं के कई टॉपर के विचार और सुझाव साझा किए जाएंगे। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो साझा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि "परीक्षा पे चर्चा" के इस संस्करण में, परीक्षा योद्धा अपने अनुभव साझा करेंगे और बताएंगे कि कैसे उन्होंने परीक्षा के तनाव और चिंता को सफलतापूर्वक दूर किया है।

सर्व शिक्षा अभियान

प्रदेश में शिक्षा के स्तर के आंकलन के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय व राज्यों की सहभागिता से स्कूलों का सोशल ऑडिट किया जा रहा है। देशभर में अभी तक 11 राज्यों में यह ऑडिट हो चुका है और अब प्रदेश में भी जल्द ही इसका सोशल ऑडिट होगा। इसी सिलसिले में कल समग्र शिक्षा अभियान के तहत शिमला स्थित प्रदेश विश्वविद्यालय में एकदिवसीय मास्टर ट्रेनर कार्यशाला आयोजित की गई। सर्वशिक्षा अभियान के तहत नई शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी सुरेंद्र रांगटा ने बताया कि सोशल ऑडिट में शिक्षा के स्तर व खामियों का आंकलन किया जाएगा।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज प्रदेश के राज्यपाल के रूप में अपना दो वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस कार्यकाल में राज्यपाल ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से पंचायत स्तर तक जनप्रतिनिधियों को जोड़ने की एक मुहीम चलाई है, जिसमें युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए कई जागरूकता कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिताएं मुख्य रूप से शामिल हैं। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज राजभवन में एक पत्रकार वार्ता को भी संबोधित करेंगे।

आगजनी

कुल्लू जिला में सैंज घाटी के तांदी गांव में बीती रात आगजनी की एक घटना में एक रिहायशी मकान, फर्नीचर की दुकान व देवता का एक भंडार जलकर राख हो गया। इसके अलावा इस घटना में दो गौशालाएं भी आग की भेंट चढ़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस आगजनी की घटना में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है। धाउगी ग्राम पंचायत प्रधान बिमला देवी ने बताया कि इस अग्निकांड में दो परिवारों को काफी नुकसान पहुंचा है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कुछ भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। हालांकि मौसम विभाग केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि 19 फरवरी से राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उंचे इलाकों में बर्फबारी व निचले व मध्यम पहाड़ी क्षेत्रों में कहीं–कहीं बारिश हो सकती है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

अमर उजाला की सुर्खी है होम स्टे संचालकों को देना होगा जीएसटी, अब पंजीकरण फीस तीन हजार, सीसीटीवी भी जरूरी।

पंजाब केसरी की एक खबर है कफ सिरप की अनाधिकृत बिक्री पर ईडी के राडार पर सिरमौर की एक निजी फार्मा।